<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

# <u>पन्तनगर में विश्व रेविज दिवस मनाया गया</u>

पन्तनगर। 28 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में विश्व रेविज दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के पशुचिकित्सालय में कार्यक्रम की शुरूवात अधिष्ठाता ए.एच.अहमद द्वारा कुत्तों में रेविज का टीकाकरण कर किया गया। उन्होंने ने कहा कि यह कार्यक्रम इस वर्ष विश्व स्तर पर ब्रेकिंग रेविज बाउण्ड्रीज विषय पर पशुओं एवं मनुष्यों के वैश्विक स्वास्थ को ध्यान रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय में छात्रों के मध्य पोस्टर एवं निबंन्ध प्रतियोगिताओं के साथ–साथ व्याखान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में रचरला सुरूजन ने प्रथम स्थान, रजत नेगी एवं रचित रमन ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान एवं हर्षिता चौहान एवं स्नेहा नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिति कान्त ने प्रथम स्थान, नितिन काम्बोज एवं आकांक्षा पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान एवं रितुल पर्गय एवं आसूतोष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

डा. ऐ.के. उपाध्याय ने रेविज की महात्ता एवं रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में एरियोन वैट के डा. दीपिका जीना एवं वैलकॉन फार्मा के श्री विनोद चौधरी ने छात्रों को रेविज के उपचार एवं रोकथाम के लिए पशु औषधी सम्बन्धी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता छात्रों को अधिष्ठाता ए.एच.अहमद द्वारा पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम कायजन वैट सोसाइटी के स्टाफ काउंसलर डा. राजीव रंजन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. स्तुति वत्सया, डा. मीना मृगेश, डा. दीशा पन्त, डा. प्रकाश भट्ट, डा. सतीश कुमार, डा. अनिल कुमार, डा. अनुज तिवारी, डा. सिमरन, डा. अंकित, आयुशी एवं दिवीशा भट्ट ने योगदान दिया। शिविर में लगभग 125 कुत्तों एवं बिल्लियों को रेविज का टीका एवं आंतरिक परजीवी रोग के रोकथाम के लिए कृमिनाशक औषधियों का मुफ्त में वितरण किया गया।

*शिविर में रेविज का टीका लगाते अधिष्ठाता ए.एच.अहमद।*

**निदेशक संचार**